गाजियाबाद विकास प्राधिकरण

विकास पथ, गाजियाबाद।

पत्रांक 1237/मास्टर प्लान/जोन-1/2026 दिनांक 23-11-2026

"सार्वजनिक सूचना"

एतद् द्वारा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै0 देवेश देशांक रियलटैक प्रा0 लि0 (कन्सोर्शियम) के अधिकृत हस्ताक्षरी श्री विनोद त्यागी द्वारा गाजियाबाद विकास क्षेत्र के अन्तर्गत खसरा संख्या–536मि0, ग्राम नूरनगर गाजियाबाद क्षेत्रफल 6541.00 वर्ग मी0 पर फास्टपास पोर्टल के माध्यम से आवेदन संख्या–GDA/BP/MS/2026-27/40132 स्वीकृति हेतु अपलोड किया गया है। मॉडल भवन निर्माण एवं विकास उपविधि तथा मॉडल जोनिंग रेगुलेशन, 2025 के अध्याय–15 के प्रस्तर–15. 1.3 (i)(iv) व (v) में उल्लेखित है कि महायोजना भू–उपयोग अथवा अनुमोदित ले–आउट में परिभाषित भू–उपयोग के अतिरिक्त अन्य क्रियाओं की अनुज्ञा निर्धारित प्रक्रियाओं के अनुसार जन–सामान्य से आपत्ति/सुझाव आमंत्रित किये जाते है। प्रश्नगत स्थल गाजियाबाद विकास क्षेत्र के अन्तर्गत खसरा संख्या–536मि0, ग्राम नूरनगर, गाजियाबाद के अन्तर्गत 45.00 मी0 चौड़े विद्यमान रोड पर स्थित है। उक्त स्थल मॉडल भवन निर्माण एवं विकास उपविधि तथा मॉडल जोनिंग रेगुलेशन, 2025 में निहित प्राविधानों के अनुसार सामुदायिक भू–उपयोग में होटल भवन क्रिया किये जाने हेतु अनुमन्य है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उक्त के सम्बन्ध में अपनी कोई आपत्ति/सुझाव देना चाहे तो उक्त सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति/सुझाव कार्यालय, मुख्य नगर नियोजक/स्वागत कक्ष, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण में प्रस्तुत कर सकता है। कार्यालय में नियत अवधि में प्राप्त होने वाले आपत्ति/सुझाव पर विचार किया जायेगा। उक्त समयावधि के उपरान्त प्राप्त होने वाले किसी भी आपत्ति/सुझाव पर विचार नहीं किया जा सकेंगा।

अपर सचिव
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण